हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 मार्च 2025

12 कंपनी में आग से नुकसान, सामान जला



12 होली को लेकर पुलिस अलर्ट पर, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम





**खबर संक्षेप**

### नांगल मूंदी बस अड्डे के पास से नया ट्रैक्टर ले गए चोर

**डहीना।** रेवाड़ी-महेन्द्रगढ़ मार्ग स्थित नांगल मूंदी बस अड्डे के पास से नया ट्रैक्टर चोरी हो गया। गांव बास बटौड़ी निवासी बिरेन्द्र ने डहीना चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मूंदी बस अड्डे के पास राहुल इंजीनियरिंग के नाम से वेल्डिंग की दुकान की हुई है। 12 मार्च को सुबह करीब 8 बजे उसका बेटा राहुल नया महिन्द्रा ट्रैक्टर गांव बास बटौड़ी निवासी बब्लू के घर से काम करने के लिए लाया था। उसके बाद ट्रैक्टर को दुकान पर छोड़कर अपने घर चला गया। जब बिरेन्द्र शाम 4 बजे दुकान पर आया तो ट्रैक्टर चोरी हो चुका था। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### अंतरराष्ट्रीय खुशी दिवस पर कार्यक्रम 16 को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से अंतरराष्ट्रीय खुशी दिवस के उपलक्ष्य में 16 मार्च को जीवन में उंमग व उल्लास का कार्यक्रम 'जाने सच्ची खुशियों का पासवर्ड' का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि अजय पाटोदा भाजपा जिला उपाध्यक्ष कार्यक्रम में मुख्यातिथि व पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी राजकुमार जलवा विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से शिक्षाविद राजेंद्र सिंह राजपाल चांदावास वाले, प्रदीप शर्मा खुशियों के ब्रांड एंबेसडर, समाजसेविका एडवोकेट मोनी सिंह व शिक्षण संस्थान के निदेशक यतीश सिंहल का अभिनंदन किया जाएगा।

### यादव कल्याण सभा फ्री हेल्थ जांच कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 16 मार्च को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को निःशुल्क ओपीडी सेवाएं व दवाईयां प्रदान की जाएगी। सभा प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एसपी यादव मेडिसिन, डा. आत्मप्रकाश हड्डीरोग, डा. गौरव यादव सर्जरी, डा. मनीष ईएनटी व डा. सुमन यादव स्त्रीरोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथरेपी में फ्री सेवाएं देने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### तीन गांवों में दस किसानों के टयूबवेल से केबल चोरी

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड स्थित तीन गांवों के ट्यूबवेलों से चोर 10 किसानों के सोलर सिस्टम से कॉपर की केबल चोरी कर ले गए। गांव फिदेड़ी निवासी धर्मसिंह ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 मार्च की रात चोर उनके खेत से सोलर सिस्टम की कॉपर की केबल चोरी कर ले गए। कोपर की केबल चोरी करके ले गया है। इसके अलावा गांव हासांका व बालियार खुर्द के खेत में बनी कोठड़ी से भी कॉपर की केबल चोरी हो गई। चोर रघुवीर गांव फिदेड़ी की 20 मीटर केबल, समय सिंह नंबरदार निवासी हासांका 50 मीटर केबल, नरेश कुमार निवासी हासांका की 100 मीटर केबल, प्रकाश निवासी हांसाका की 20 मीटर केबल चोरी हो गए।

होलिका पूजन कर महिलाओं ने मांगी सर्व मंगल की कामना

# दिनभर होली की मस्ती, शाम को किया होलिका दहन



झज्जर। शहर के भट्टी गेट क्षेत्र में होली पूजन करते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

विधिवत रूप से आटे, चावल आदि से पूजा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

होली पर्व पर महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में होली की पूजा-अर्चना करते हुए परिवार में सुख-समृद्धि व सर्व मंगल की कामना की। होलिका दहन वाले स्थान पर महिलाओं ने गोबर द्वारा तैयार किए ढाल-बिड़कले चढ़ाते हुए व होली स्थल की परिक्रमा करते हुए सूत का धागा बांधा। इसके बाद विधिवत रूप से आटे, चावल, हल्दी, फल आदि से पूजा की। प्रातः करीब दस बजे से शुरू हुई यह पूजा-अर्चना सांझ ढले तक चलती रही। महिलाओं व बच्चों का आवागमन जारी रहा। महिलाओं ने अपने बच्चों के गले में बिस्किट, छुआरे, गोला, टॉफी आदि से निर्मित मालाएं डाली हुई थी। शहर के सिलानी गेट, खारी कुएं, बेरी गेट, गाजीकमाल मंदिर, भट्टी गेट, दिल्ली गेट, बुद्धो माता मंदिर सहित शहर में विभिन्न स्थानों पर होली बनाई गई। इसके अलावा दिनभर युवाओं ने होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया और एक दूसरे को रंग लगाया। युवाओं की टोलियां दिनभर मोटरसाईकिलों पर शहर में घूमती रही और अपने परिजनों और मित्रों को रंग लगाकर होली का त्यौहार मनाया। देर सांय विधिवत रूप से होलिका दहन किया गया।

**होली पर्व की पौराणिक कथा**

पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। यह बात हिरण्यकश्यप को अच्छी नहीं लगती थी। भगवान विष्णु की भक्ति से प्रह्लाद को दूर करने के लिए उसने अपनी बहन होलिका से मदद मांगी। होलिका को ब्रह्मा जी से ऐसा वस्त्र मिला था जो आग में जल नहीं सकता था। होलिका वहीं वस्त्र ओढ़ कर प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठ गई। लेकिन भगवान की शक्ति से वो वस्त्र उड़कर प्रह्लाद पर आ गिरा जिस कारण होलिका जलकर भस्म हो गई। माना जाता है इस प्रकार बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। तब से हर वर्ष होली के दिन होलिका दहन करने की परंपरा चली आ रही है।



बहादुरगढ़। शिव चौक के निकट होली पूजन करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## श्रद्धापूर्वक मनाई होली आज उड़ेगा रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

क्षेत्र में पूरे उत्साह व प्रेम के साथ होली पर्व मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक होली पूजन किया। वीरवार को महिलाओं ने होली के उपलक्ष्य में व्रत भी रखा। उन्होंने परंपरा अनुसार बच्चों की मंगलकामना से होलिका स्थल की परिक्रमा कर परिवार की बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद लिया। वीरवार को सूरज चढ़ने के साथ होली पूजन के लिए निकलने वाली महिलाओं की टोलियां भी बढ़ती गई। रंग बिरंगे कपड़ों में सजे बच्चों के साथ आकर्षक परिधानों में लिपटी व गहनों से लदी महिलाएं होली पूजन के लिए रवाना हुई। महिलाओं ने मंगलगीत गाते हुए होली पूजन किया। निर्मला देवी ने बताया कि मान्यता के अनुसार प्रह्लाद को बचाने की प्रार्थना के रूप में प्रारंभ हुई घर-घर की अग्नि पूजा ने कालक्रमानुसार सामुदायिक पूजा का रूप लिया और उससे ही गली-गली में होलिका की पूजा प्रारंभ हुई। त्योहार को लेकर उत्साहित बच्चों ने वीरवार को जमकर खरीदारी की। अपने परिजनों के साथ बाजार में खरीदारी के लिए पहुंचे बच्चों ने रंग, गुलाल, पिचकारी, गुबारे आदि खूब खरीदे। ग्राहकों में इस बार हर्बल गुलाल और चंदन की काफी डिमांड दिखी।



झज्जर। उल्लास कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में मौजूद शिक्षक एवं अधिकारी।

## शिक्षकों को दी उल्लास कार्यक्रम संबंधी जानकारी

- नवभारत साक्षरता मिशन के अंतर्गत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

नवभारत साक्षरता मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे उल्लास कार्यक्रम की समीक्षा व लर्नर्स रजिस्ट्रेशन, पठन पाठन योजना के लिए खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मातनहेल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला फौगाट ने की। उन्होंने बताया कि उल्लास कार्यक्रम, भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

इसका उद्देश्य समाज के सभी लोगों को पढ़ने-लिखने का मौका देना है। हमारे लिए ये गर्व का विषय है कि भारत सरकार ने शिक्षा विभाग को यह कार्यभार सौंपा है। उन्होंने सभी शिक्षकों को पूरी मेहनत एवं लग्न से उल्लास से संबंधित कार्य को करने के लिए प्रेरित किया। जिला उल्लास कोर्डिनेटर वंदना भारद्वाज तथा खंड समन्वयक पवन कुमार ने मार्च में होने वाली उल्लास परीक्षा बारे जानकारी देते हुए उल्लास ऐप, पोर्टल, नए लर्नर्स रजिस्टर करने, शिक्षण सामग्री लर्नर्स तक पहुंचाने व अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार रखे।

## होली के मौके पर लोगों को सम्मानित किया

- भाजपा सुशासन विभाग के जिला प्रमुख रामकंवार सैनी ने कहा कि होली पर्व प्रेम, सौहार्द तथा आपसी एकता का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। गणमान्य लोगों को सम्मानित करते रामकंवार सैनी व संजय सैनी।

भाजपा सुशासन विभाग के जिला प्रमुख रामकंवार सैनी ने बादली रोड स्थित कार्यालय पर होली का त्योहार धूमधाम से मनाया। उन्होंने शहरी मंडल अध्यक्ष संजय सैनी के साथ मिलकर समाज के गणमान्य लोगों को सम्मानित किया। उन्हें तिलक लगाकर, फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। फिर लोई ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। रामकंवार सैनी ने कहा कि होली पर्व प्रेम, सौहार्द तथा आपसी एकता का प्रतीक है। संजय सैनी ने कहा कि यह पर्व हमें आपसी भेदभाव भुलाकर एकता के सूत्र में बांधने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर प्रधान राजसिंह यादव, केसी सैनी, रिटायर्ड एसडीओ सुरेश, डॉ रणधीर, राजेंद्र प्रधान, मास्टर दिलीप पांचाल, पंडित मनीराम, राकेश पंवार, नरेश सहरावत, डॉ राज, धर्मवीर, राजबीर व रोहतास सैनी को सम्मानित किया गया।

## मूल्यांकन के लिए बैठक हुई

- बालवाटिका से लेकर पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का होना है मूल्यांकन
- बैठक में प्रक्रिया को विस्तार से समझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिले के बालवाटिका से लेकर पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के वार्षिक मूल्यांकन को लेकर वीरवार को ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मलिक ने की। बैठक में निपुण हरियाणा के जिला समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से मूल्यांकन की संपूर्ण प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने सभी शिक्षकों से छात्रों का वास्तविक और प्रामाणिक मूल्यांकन करने पर जोर देते हुए बताया कि कक्षा तीसरी तक के विद्यार्थियों का मूल्यांकन मौखिक और लिखित दोनों तरीकों से किया जाएगा, जबकि चौथी व पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों का मूल्यांकन केवल लिखित तरीके से किया जाएगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से निपुण हरियाणा टीचर्स ऐप को नवीनतम संस्करण में अपडेट करने और पहले लिखित मूल्यांकन तथा उसके बाद मौखिक मूल्यांकन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों प्रकार की मूल्यांकन रिपोर्ट को टीचर्स ऐप पर अपडेट किया जाएगा जिसे सभी अध्यापक, विद्यालय मुखिया, खंड, जिला एवं राज्य स्तर के अधिकारी भी निपुण हरियाणा डैशबोर्ड से देख सकेंगे। बैठक के दौरान निपुण हरियाणा की स्टेट टीम सदस्या रूपाला सक्सेना ने शिक्षकों द्वारा इस वार्षिक मूल्यांकन को लेकर उठाए गए सवालों का जवाब दिया।

**मूल्यांकन कार्य मेहनत का प्रतिबिंब**

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मलिक ने कहा कि वार्षिक मूल्यांकन शिक्षकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। क्योंकि यह पूरे वर्ष की उनकी मेहनत और समर्पण का प्रतिबिंब होता है। इसलिए इसे बहुत सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। वार्षिक मूल्यांकन हमारे शैक्षणिक सत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है। इस प्रक्रिया को पूरी ईमानदारी, गंभीरता और निष्पक्षता के साथ पूरा करें।



बहादुरगढ़। ऑक्सफोर्ड स्कूल में होली खेलते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## ऑक्सफोर्ड स्कूल में मनाई होली

**बहादुरगढ़।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में होली उत्सव मनाया गया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। प्राचार्या शीला देवी ने शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को बताया कि होली का पर्व भाईचारे की भावना को भी बढ़ाता है। होली के दिन हम सब को मन के दूषित विचारों को होलिका दहन के साथ ही नष्ट कर देना चाहिए। इस मौके पर उमेद सिंह, सरोज बाला, सुमन, बबीता आदि मौजूद रहे।

## पार्टियां बीएलए की नियुक्ति करें

- भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए सुझाव मांगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



झज्जर। वीसी के दौरान उपस्थित सीटीएम रविंद्र मलिक एवं अन्य।

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए राजनीतिक दलों से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। इसके तहत विधानसभा स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी, जहां मतदाता सूची के पुनरीक्षण, मतदान केंद्रों की स्थिति, बीएलए की नियुक्ति और अन्य चुनावी विषयों पर चर्चा की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम रविंद्र मलिक ने यह जानकारी वीरवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल के साथ हुई वीसी के बाद अधिकारियों की बैठक में दी। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बीएलए नियुक्त करने की अनिवार्यता को पूरा करना होगा।



बहादुरगढ़। होली मिलन में उपस्थित सार्थक समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## सार्थक परिवार ने भी मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

सार्थक सेवा समिति के सदस्यों ने वीरवार को सार्थक पब्लिक लाइब्रेरी में होली मिलन समारोह आयोजित किया। संस्थापक अध्यक्ष एनएस कपूर ने स्वरचित कविता के द्वारा प्रेम भाव से पर्व मनाने का संदेश दिया। कृष्ण गोपाल विद्यार्थी व सुदेश संदूजा ने भी कविताओं से प्रभावित किया। गुलाल से तिलक लगाने के साथ ही फूलों से होली खेली।



बहादुरगढ़। बैठक में चर्चा करते भाविप के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## भाविप की बैठक में हुई चुनावों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

भारत विकास परिषद बहादुरगढ़ शाखा के सदस्यों की आम सभा की बैठक और होली मिलन समारोह वीरवार को शंकर गार्डन में आयोजित हुआ। सभी सदस्यों ने जिला समन्वयक सतीश शर्मा की माता जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी। बैठक में भाविप के सदस्यों ने 2025-26 के लिए पदाधिकारियों के चयन पर विचार विमर्श किया। प्रांत की तरफ से चुनाव पर्यवेक्षक एसपी गोयल उपस्थित रहेंगे। आम बैठक में वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष मूलचंद जोशी, सह समन्वयक प्रवीण शर्मा, अध्यक्ष विरेन्द्र कौशिक, सचिव मुकेश बन्सल, कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता, एमएस भाटी, डॉ. कुलदीप जून, रमणीक सिंघल, दीपक पंवार, विजय पुन्हानी, दिपेश उपस्थित रहे।

## पुलिस ने संजय हत्याकांड की गुत्थी सुलझाई

### शराब के नशे में साथी ने ही की थी हत्या

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

गत वर्ष अक्टूबर माह में नांगल तेजू में हुई युवक संजय की हत्या की गुत्थी सीआईए ने सुलझा ली है। दोस्त ने ही शराब के नशे में मामूली विवाद के बाद संजय की पत्थर से सिर फोड़कर हत्या की थी। पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। नांगल तेजू निवासी 35 वर्षीय संजय राजमिस्त्री का कार्य करता था। वह गत वर्ष 6 अक्टूबर को घर से निकला था। इसके बाद घर नहीं पहुंचा। अगले दिन सुबह के समय संजय का शव नहर के पास एक मीट के खोखे के पीछे पड़ा हुआ मिला।

**कई बार हुई थी गांव की पंचायत**

संजय हत्याकांड की जांच शुरू में बावल थाना पुलिस कर रही थी। कई दिनों तक गुत्थी नहीं सुझलने के कारण कई बार गांव की पंचायत एसपी से मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने जांच सीआईए को सौंपी थी। सीआईए को जांच के दौरान इस बात की जानकारी मिली थी कि नांगल उगरा में रहने वाला यमन संजय की हत्या के करीब एक सप्ताह बाद ही कंपनी से नौकरी छोड़कर कहीं चला गया था। इसके बाद वह कहीं और नौकरी करने लगा था। शराब का आदि होने के कारण उसे वहां से भी नौकरी से निकाल दिया गया था। इसके बाद वह फिर से नांगल उगरा में आ गया था। यहां आने के बाद सीआईए ने उससे पूछताछ की, तो उसने संजय की हत्या किए जाने की बात स्वीकार कर ली।

### जुआ खेलने के आरोप में पांच आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** शहर थाना पुलिस ने रेलवे रोड स्थित होटल के पास स्थित पार्किंग से ताश के पत्तों से पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से ताश के पत्ते व जुए की राशि बरामद की गई है। आरोपियों के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग रेलवे रोड स्थित होटल रेजीडेंसी के पास स्थित पार्किंग के पास ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां 5 लोग जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को मौके पर ही काबू कर लिया। काबू किए गए आरोपियों में संजय निवासी नई बस्ती, अनूप निवासी मोहल्ला स्वामीवाड़ा, राजन निवासी मयूर विहार, मनोज निवासी मोहल्ला गुर्जरवाड़ा तथा नरेश कुमार निवासी नई बस्ती शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जुए की 24900 रुपये राशि बरामद की है।

## लुखी के डॉ. सुबोध को पीएचडी की उपाधि प्रोफेसर बनकर शोध करने का सपना



रेवाड़ी। दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्राप्त करते हुए सुबोध यादव। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहड़

नाहड़ खंड के गांव लुखी निवासी सुबोध यादव को भौतिकी विषय में पीएचडी उपाधि से अलंकृत किया गया। शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रहे डा. सुबोध ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से भौतिकी विषय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के भौतिकी विभाग से प्रायोगिक परमाणु भौतिक विषय में समीक्षित शोध पत्र और शोध कार्य लेख पूर्ण करने उपरांत पीएचडी की उपाधि हासिल की है। गत 12 मार्च को पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के 72वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, राज्यपाल, हरियाणा व पंजाब के मुख्यमंत्री तथा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. रेणु विग ने उन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान की। सुबोध ने बताया कि वे अपने दादा स्वतंत्रता सेनानी स्व. मेजर सुल्तान सिंह के आजादी आंदोलन में दिए गए योगदान, संघर्ष व साहस तथा अपनी दादी स्व.चांदकौर की प्रेरणा से आगे बढ़े है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता सुभद्र पाल, माता सुषमा यादव व बड़े भाई एडवोकेट सौरभ यादव को दिया है। सुबोध का सपनो विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पद पर नियुक्ति पाकर शिक्षा और शोध के क्षेत्र में और बेहतरीन कार्य करने का है। सुबोध की इस उपलब्धि पर ग्रामवासियों व क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने खुशी जताई है।

## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। बैंक कॉलोनी में हुए हवन में आहुति डालते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### बैंक कॉलोनी में हुआ हवन

**बहादुरगढ़।** थैंक्स भारत ट्रस्ट के सहयोग से आर्यसमाज बैंक कॉलोनी के प्रांगण में फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर होली के प्राचीन नाम ''वासन्तिक नवसस्येष्टि'' का यज्ञ किया गया। मनीष आर्य ने बच्चों को त्यौहार की विशेषता बताई। उन्होंने कहा कि आज की हमारी युवा पीढ़ी आधुनिकता की चकाचौंध से सम्मोहित होकर अपनी संस्कृति से विमुख हो रही है। होली का पर्व मनाते हुए हमें आत्म-चिंतन कर अच्छे-बुरे में भेद करना होगा।

### सीटीएम ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं

**झज्जर।** वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम रविंद्र मलिक ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर में जल आपूर्ति, बिजली, सड़क, पेंशन, राशन कार्ड, भूमि विवाद और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं, कई का मौके पर ही निपटारा किया गया।

### गाड़ी चालक के साथ मारपीट

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव साल्हावास निवासी एक ट्राला चालक ने धनिया गांव निवासी गाड़ी चालक पर अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में रविंद्र ने बताया कि जब वह बुधवार की देर रात करीब एक बजे ट्राला लेकर नारनौल से बहादुरगढ़ जा रहा था तो धनिया गांव के नजदीक कोसली बाईपास के सामनें एक कंटेनर चालक ने अपनी गाड़ी आगे लगाकर उसका रास्ता रोक लिया। इसके बाद कंटेनर चालक ने उसे भी नीचे उतरने को कहा तथा जब वह अपनी गाड़ी से नीचे उतरा तो आरोपी ने उसकी डंडों व थप्पड़-मुक्कों से पिटाई की। रविंद्र के अनुसार धनिया गांव निवासी गाड़ी चालक सत्यवान ने इसके बाद अपने पुत्र व अन्य साथियों के साथ मिलकर भी उसकी पिटाई की। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित द्वारा अन्य आरोपियों को भी नामजद किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नशे से बचें और सावधानी से चलें

**बहादुरगढ़।** एसीपी ट्रेफिक दिनेश कुमार ने होली के त्योहार पर दुल्हेंडी के दिन होने वाली शराब की अधिकता व तेज रफ्तार वाहनों के चलाने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को लेकर सचेत किया है। दुल्हेंडी के दिन युवाओं को गुलाल से रंगों के त्योहार की खुशी मनानी चाहिए। युवाओं को नशा करके और तेज गति में वाहन चलाने से बचना चाहिए। दुपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी न करें। उन्होंने कहा कि युवा शुक्रवार को नशे से परहेज करें, दोपहिया वाहनों को निर्धारित गति में चलाएं तथा दो से अधिक सवारी न बैठे। उनके अनुसार दुल्हेंडी के दिन पुलिस हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेगी। युवाओं को भी चाहिए कि दुर्घटनाओं को रोकने में पुलिस का सहयोग करें।


एसीपी दिनेश कुमार

### रुपये के लेन-देन को लेकर युवक की पिटाई

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव फतेहपुरी में रुपयों के लेन-देन को लेकर एक युवक की पिटाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में दादरी के घसौला गांव निवासी बलराम ने बताया कि मैने फतेहपुरी गांव निवासी मंदीप ने दो लाख चालीस हजार रुपये उधार ले रखे हैं। बीते 11 मार्च को जब मातनहेल गांव में अपने धर्म बहन के घर आया हुआ था तो शाम करीब सात बजे मंदीप व उसका भाई सुमित आए और पैसे की बात करने लगे।

## गाजियाबाद के गांव जावली में भट्ठे पर हो रही थी अवैध लिंग जांच

# पीएनडीटी टीम ने तीन आरोपी पकड़े, एफआईआर दर्ज किया

- पीएनडीटी टीम को अवैध अल्ट्रासाउंड मशीन और कपिल का फोन मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ।

गुप्त सूचना के आधार पर पीएनडीटी टीम झज्जर ने गाजियाबाद में एक भट्ठे पर चल रहे अवैध लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़ किया है। टीम में पीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉक्टर संदीप कुमार, डॉक्टर बसंत दुबे, डॉक्टर कनुप्रिया और विनोद कुमार शामिल रहे। सिविल सर्जन डॉक्टर ब्रहमदीप सिंह ने बताया कि टीम ने प्रलोभन ग्राहक के जरिए सतिंदर नाम के एजेंट से संपर्क किया जो सोनिया हॉस्पिटल नांगलोई में काम करता था। सतिंदर ने 35 हजार रुपये में लिंग जांच का सौदा तय किया और प्रलोभन ग्राहक को 12 मार्च सुबह 9 बजे उद्योग विहार मेट्रो स्टेशन बुलाया। पीएनडीटी टीम ने प्रलोभन ग्राहक को 35 हजार रुपये दिए और एक गाड़ी में ड्राइवर के साथ उद्योग विहार भेजा जहां उसे सतिंदर मिला। सतिंदर ने प्रलोभन ग्राहक से 35 हजार रुपये लिए और गाड़ी में बैठ गया। फिर उसने ड्राइवर को गाड़ी टीला मोड, लोनी गाजियाबाद ले जाने को कहा। पीएनडीटी टीम प्रलोभन ग्राहक की गाड़ी का लगातार पीछा कर रही जिसमें सतिंदर भी बैठा था। टीला मोड से सतिंदर ने प्रलोभन ग्राहक को एक अन्य एजेंट नरेंद्र की बाइक पर बैठा दिया और सतिंदर ने नरेंद्र को 35 हजार रुपये दिए। फिर एजेंट नरेंद्र प्रलोभन ग्राहक को जावली गांव के पास डीडीके नामक भट्ठे पर ले आया और भट्ठे पर एक कमरे में ले गया जहां एक व्यक्ति कपिल कसाना ने पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन से प्रलोभन ग्राहक के गर्भ में पल रहे बच्चे का लिंग जांच करके लड़का होना बताया। फिर एजेंट नरेंद्र ने कपिल को 35 हजार रुपये दिए। थोड़ी देर बाद नरेंद्र प्रलोभन ग्राहक को कमरे से बाहर लेकर आया। पीएनडीटी टीम झज्जर भी एजेंट नरेंद्र का पीछा करते हुए भट्ठे पर पहुंच गई। प्रलोभन ग्राहक का इशारा पाकर टीम ने एजेंट नरेंद्र को पकड़ लिया। बाहर की आवाज सुनकर अवैध अल्ट्रासाउंड ऑपरेटर कपिल 35 हजार रुपये लेकर भागने लगा। टीम ने कपिल का पीछा किया लेकिन भट्ठे पर काम करने वाले लोगों ने टीम को असामाजिक तत्त्व समझ कर कपिल की तरफ जाने से रोक दिया। टीम ने भट्ठे पर काम करने वाले लोगों को अपना परिचय दिया और समझाया लेकिन इस मौके का फायदा उठाकर कपिल भागने में कामयाब हो गया। थोड़ी देर में लोकल पुलिस और गाजियाबाद पीएनडीटी टीम भी भट्ठे पर आ गई। पीएनडीटी टीम ने टीला मोड पर इंतजार कर रहे एजेंट सतिंदर को भी पकड़ लिया और जहां प्रलोभन ग्राहक का अल्ट्रासाउंड हुआ था वहां पीएनडीटी टीम को अवैध अल्ट्रासाउंड मशीन और कपिल का फोन मिला। जिसको टीम ने कब्जे में ले लिया। पूछताछ के दौरान पता लगा कि एजेंट सतिंदर और कपिल को 27 अप्रैल 2024 को नारनौल हरियाणा की पीएनडीटी टीम ने भजनपुरा दिल्ली में अवैध लिंग जांच मामले में पहले भी पकड़ कर एफआईआर दर्ज करवाई थी।

कपिल पर लोनी गाजियाबाद में भी पीसी पीएनडीटी एक्ट में मुकदमा दर्ज है। इन सभी आरोपियों को कोर्ट से जमानत मिली हुई है और जेल से बाहर आते ही ये गिरोह फिर से अवैध लिंग जांच करने लगा। पूछताछ के बाद पीएनडीटी टीम झज्जर और गाजियाबाद ने एजेंट सतिंदर व नरेंद्र को पुलिस के हवाले किया। तत्पश्चात टीम ने आरोपी सतिंदर, नरेंद्र एवं कपिल कसाना के खिलाफ टीला मोड थाना गाजियाबाद में पीसी पीएनडीटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करवाया।

# आढ़ती के कर्मचारी से दिन दहाड़े लूटे 22 लाख रुपये

- बाइक सवार दो बदमाशों ने की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में आपराधिक वारदात तेजी से बढ़ रही हैं। होली पर भी यहां दिन दहाड़े एक युवक से 22 लाख रुपये की लूट हो गई। बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने यह वारदात की। पहले उन्होंने युवक से मारपीट की, फिर कैश से भरा बैग लूट ले गए। वारदात की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस हरकत में आई। लुटेरों को पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा नाकाबंदी की गई। पीड़ित के बयान के आधार पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। मामले में कई टीमें भागदौड़ कर रही हैं। जल्द ही वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है। लूटपाट की यह वारदात गौरव के साथ हुई है। जानकारी के अनुसार, गौरव अनाज मंडी में स्थित आढ़ती प्रवीण के यहां काम करता है।

आढ़ती को फसल के बदले किसानों को रुपये देने थे। उसने अपने कर्मचारी गौरव को कैश लेने भेजा था। गौरव ने श्यामजी कांप्लेक्स में स्थित एचडीएफसी बैंक से करीब 22 लाख रुपये निकलवाए और स्कूटी लेकर चल दिया। जब गली से ड्रेन रोड की तरफ बढ़ा तो वहा पहले से ही बदमाश तैयार खड़े थे। उन्होंने गौरव को रुकवाया और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के बाद बैग लेकर चंपत हो गए। गौरव ने शोर मचाया तो लोग इकट्ठे हुए। उसने अपने मालिक को मामले से अवगत कराया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास कैमरे खंगालने शुरू किए।

सीसीटीवी में भी बदमाश पीड़ित गौरव के साथ मारपीट करते और लूटपाट करते नजर आ रहे हैं। बदमाश हेलमेट लगाए हुए थे। पुलिस की कई टीमें भागदौड़ कर रही हैं। बता दें कि बहादुरगढ़ में लगातार लूटपाट की वारदात बढ़ रही हैं। बीती रात को केएमपी पर गाड़ी चालक से लूटपाट हुई थी तो मंगलवार की दोपहर सेक्टर छह के एक मकान में वारदात हुई थी। अब आढ़ती के कर्मचारी से दिन दहाड़े वारदात हो गई है।

**मामले में जांच की जा रही**

*आढ़ती के कर्मचारी से लूट की सूचना मिली है। मामले में जांच की जा रही है। आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही मामले को सुलझाने की कोशिश रहेगी।*
*- हरेश कुमार, एसएचओ, सिटी थाना बहादुरगढ़*

# नशे के दुष्प्रभाव व यातायात नियमों की पालना करने के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। शहर के मेन बाजार में दुकानदारों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए पुलिस टीम।

वीरवार को यातायात प्रभारी नरेश सिंधु की टीम ने मेन बाजार में दुकानदारों को नशे के दुष्प्रभाव व यातायात नियमों की पालना करने के प्रति जागरूक किया। नरेश सिंधु ने कहा कि होली पर्व रंगों का त्यौहार है। इसे हंसी और उल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने बताया कि किसी को भी हुड़दंग नहीं करना है। उन्होंने बताया कि नशा एक घातक बीमारी है यह हमारे समाज को खोखला करता जा रहा है। इससे बचने का एक ही तरीका है समाज को जागरूक करना। आज के युवा नशे की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इसलिए माता-पिता को भी अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देना होगा कि हमारे बच्चे क्या कर रहे हैं और किसके साथ उनकी संगत है। तभी हम युवा पीढ़ी को नशे की ओर जाने से रोक सकते हैं। हमें यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें।

# कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों के साथ कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

हिंदुस्थान नेशनल ग्लास एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड में दस दिवसीय सुरक्षा सप्ताह अभियान का आयोजन हुआ। कंपनी के यूनिट हेड एसआर बंसल व मार्केटिंग हेड एसके मिश्रा ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई। साथ ही मशाल प्रज्ज्वलित कर कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। सुरक्षा की शपथ ग्रहण करवाई। कंपनी परिसर में जागरूकता रैली भी निकाली गई। एसआर बंसल ने कहा कि जब हम सुरक्षित रहकर काम करते हैं तो कार्य और अधिक सुगम बन जाता है। जिससे उसका परिणाम भी बेहतर आता है। एचआर विभागाध्यक्ष एसपी शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान मॉक ड्रिल, पोस्टर, स्लोगन, सेफ्टी स्पीच आदि गतिविधियां भी हुई। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। यूनियन प्रतिनिधि सुरेंद्र, वजीर सिंह व अन्य कर्मचारी इस मौके पर मौजूद रहे।

### नांगल मूंदी बस अड्डे के पास से नया ट्रैक्टर ले गए चोर

**डहीना।** रेवाड़ी-महेन्द्रगढ़ मार्ग स्थित नांगल मूंदी बस अड्डे के पास से नया ट्रैक्टर चोरी हो गया। गांव बास बटौड़ी निवासी बिरेन्द्र ने डहीना चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मूंदी बस अड्डे के पास राहुल इंजीनियरिंग के नाम से वेल्डिंग की दुकान की हुई है।

### सूचना

मैं, अनीता पत्नी जयपाल निवासी गांव बुपनिया, तहसील बादली, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र विकास कुमार मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# मास्टर चांद सिंह ने विभिन्न स्पर्धाओं में जीते तीन मेडल


झज्जर। जीते गए मेडल दिखाते हुए खिलाड़ी चांद सिंह अहलावत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कर्नाटका के बैंगलूरू में आयोजित 45वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में जिले के अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग खिलाड़ी मास्टर चांदसिंह अहलावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शॉटपुट में गोल्ड, डिस्कस थ्रो में सिल्वर व जैवलीन थ्रो में कास्यं पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। इस चैंपियनशिप में साढ़े तीन हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। हरियाणा प्रदेश के 87 पुरूष एवं 27 महिला खिलाड़ियों सहित 114 खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। राष्ट्रीय स्तर पर तमिलनाडू प्रथम, मणिपुर द्वितीय और हरियाणा तृतीय स्थान पर रहा। बता दें कि पिछले माह 31 जनवरी से 3 फरवरी, 2025 तक कुन्नाकुलम, त्रिचुर केरला के स्टेडियम में आयोजित छठी राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भी जहां बुजुर्ग खिलाड़ी मास्टर चांद सिंह अहलावत ने शॉटपुट व डिस्कस थ्रो में गोल्ड व जैवलीन थ्रो में सिल्वर जीता था वहीं चंडीगढ़ के सेक्टर-7 में 14 से 15 दिसंबर तक आयोजित 33वीं हरियाणा राज्य मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनिशप के 80 आयुवर्ग में उन्होंने शॉटपुट, डिस्कस थ्रो व जैवलीन थ्रो में तीन स्वर्ण पदक जीते।

# सेक्टर-2 में ब्रह्माकुमारियों ने मनाई होली


कार्यक्रम में केक काटती ब्रह्मकुमारियां व अन्य। फोटो :हरिभूमि

- सभी ने परमात्मा के प्रेम, शांति और सुख के रंग में रंगने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-2 सेवा केंद्र पर आध्यात्मिक हर्ष और उल्लास के साथ होली महोत्सव मनाया गया। सेवा केंद्र संचालिका बीके विनीता दीदी ने होली के आध्यात्मिक और सकारात्मक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आत्मा को परमात्मा के दिव्य रंग में रंगने का शुभ अवसर है।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और आध्यात्मिक संदेशों का अद्भुत संगम देखने को मिला। बीके लक्ष्मी बहन ने होली के आध्यात्मिक रहस्य पर एक सुंदर कविता प्रस्तुत की, जिसने सभी को गहराई से प्रभावित किया। बीके श्रुति, बीके इंदु, विदेही और प्रियंका ने आध्यात्मिकता और उल्लास से भरे शानदार नृत्य प्रस्तुत किए। ईश्वरीय प्रेम और आत्मिक खुशी की झलक देखने को मिली। बीके वीणा बहन व बीके रतन भाई का जन्मदिवस भी मनाया गया। सभी ने होली के सच्चे अर्थ को आत्मसात करने का संकल्प लिया और अपने मन को बुराइयों, नकारात्मक विचारों और कमजोरियों से मुक्त करने का प्रण किया। सभी ने परमात्मा के प्रेम, शांति और सुख के रंग में रंगने का संकल्प लिया।

## पूरे भारतवर्ष से श्रद्धालु बाबा की समाधि के दर्शन के लिए पहुंच रहे

# नगर खेड़ा बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में 3 दिवसीय विराट संत सम्मेलन आज से, तैयारियां पूरी

- जो श्रद्धालु सच्चे मन से बाबा की समाधि पर मन्नत मांगता है, बाबा उनकी मनोकामना जरूर पूरी करते है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर में फूलों की मालाएं बनाने में जुटे श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

नगर खेड़ा बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में शुक्रवार से 52वें तीन दिवसीय विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंदिर पूर्णतया सजकर तैयार है और श्रद्धालुओं और मंदिर प्रबंधन कमेटी सदस्यों में भी पूरा उत्साह है। बता दें कि बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर में दुल्हेंडी के दिन मेले का आयोजन होता है। जिसमें दिल्ली, कोलकाता, राजस्थान, यूपी, दिल्ली, पुणे सहित पूरे भारतवर्ष से श्रद्धालु बाबा की समाधि के दर्शन के लिए पहुंचते है। बाबा की समाधि पर पंखें चढ़ाने की अनोखी परपंरा है। जो श्रद्धालु सच्चे मन से बाबा की समाधि पर मन्नत मांगता है, बाबा उनकी मनोकामना जरूर पूरी करते है। महंत परमानंद गिरी महाराज ने बताया कि इस वार्षिकोत्सव के पहले दिन चौदह मार्च को जहां बाबा की समाधि पर श्रद्धालुओं द्वारा पंखे चढ़ाए जाएंगे वहीं अगले दिन पन्द्रह मार्च को कांशी के आचार्य वेदपाठी पंडित रामनिवास पाठक व पंडित नरेंद्र कुमार द्वारा हवन कार्य संपन्न कराया जाएगा। तीसरे दिन सत्रह मार्च को विशाल समष्टि भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव का समापन होगा। वार्षिकोत्सव के दौरान पन्द्रह मार्च को जहां रात आठ बजे से ग्यारह बजे तक सत्संग का आयोजन किया जाएगा वहीं सोलह मार्च की दोपहर दो बजे से सायं पांच बजे तक रात्रि आठ बजे से ग्यारह बजे तक कार्यक्रम में शामिल होने वाले संत-महात्माओं द्वारा प्रवचनों द्वारा ज्ञान दिया जाएगा।









## होली पर गर्मी के बीच हुई बूंदाबांदी

**बहादुरगढ़।** तापमान बढ़ने के साथ ही इन दिनों गर्मी परेशान करने लगी थी। लेकिन वीरवार को दोपहर में अचानक मौसम ने करवट बदली और बूंदाबांदी के बाद ठंड बढ़ गई। हालांकि मार्च की गर्मी देखकर आंशका जताई जा रही है कि इस साल भीषण गर्मी पड़ने वाली है। वीरवार को बहादुरगढ़ का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल मौसम का मिजाज इसी तरह रहेगा। दुल्हेंडी पर भी बूंदाबांदी का असर दिखाई देगा।

### हुडदंग मचाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

# होली को लेकर पुलिस अलर्ट पर, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

होली व फाग पर्व पर किसी तरह की अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिए जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। जिला पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन ने कहा कि होली पर्व के दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के सभी थाना प्रबंधकों, सभी अपराध जांच प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए गए है कि शराब पीकर हुडदंग करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करें।

जिले के मुख्य चौक चौराहों तथा संवेदनशील स्थानों पर नाकाबंदी की जाए। घनी आबादी वाली कॉलोनियों जहां झगड़ा होने की संभावना हो ऐसे स्थानों पर कड़ी नजर रखी जा रही है । उन्होंने कहा कि प्रबंधक थाना यातायात बहादुरगढ़ तथा यातायात प्रभारी झज्जर अलग अलग स्थानों पर नाकाबंदी करके वाहन चालकों को एल्को मीटर द्वारा चैक करेंगे। शराब पीकर वाहन चलाने वाले तथा साइलेंसर से पटाखे बजाते हुडदंग करते चलते हुए दुपहिया वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्यवाई की जाएगी। महिलाओं एवं लड़कियों से छेड़खानी की घटनाओं को रोकने के लिए चौक-चौराहों पर महिला पुलिस कर्मचारियों और सादे कपड़ों में भी पुलिस की तैनाती रहेगी। इसके अलावा जिले के चिन्हित विभिन्न स्थानों पर विशेष नाके लगाए गए हैं। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिये प्रत्येक थाना में पर्याप्त संख्या में आवश्यक साजोसामान सहित पुलिस बल को रिजर्व रखा गया है ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना पर तुरंत मौका पर पहुंचकर निवारक कार्रवाई की जा सके।



**झज्जर।** शहर के राव तुलाराम चौक पर वाहनों की जांच करते हुए पुलिसकर्मी।

## अधूरे आवेदन पत्रों को तुरंत पूरा कराएं अभ्यार्थी : श्वेता शर्मा

**झज्जर।** जिला कल्याण अधिकारी श्वेता शर्मा ने बताया कि डॉक्टर बीआर अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किए गए थे। लेकिन जांच उपरांत 903 आवेदन पत्र दस्तावेजों की अपूर्णता के कारण लंबित हैं। ऐसे विद्यार्थी दस्तावेज जल्द आवेदनों को पूरा कराएं।

## कंपनी में आग से नुकसान, सामान जला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक कंपनी में भीषण आग लग गई। आग से टीवी, कूलर आदि काफी इलेक्ट्रोनिक माल जल गया। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पाया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। शार्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। जांच के बाद असल पुष्टि हो सकेगी। आग लगने की यह घटना एमआईई पार्ट-ए में स्थित जोंडैग ट्रेडेक्स प्राइवेट लिमिटेड में हुई है। इस कंपनी में एलईडी, पंखे व कूलर आदि तैयार किए जाते हैं। जानकारी के अनुसार, दोपहर के वक्त करीब डेढ़ बजे कंपनी के दूसरे तल पर आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी। यहां मौजूद कर्मचारियों ने आग बुझाने के प्रयास किए और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग बुझानी शुरू की। कुछ समय बाद टीम ने आग पर नियंत्रण पा लिया लेकिन पूरी तरह से बुझ नहीं पाई थी। दोपहर चार बजे तक विभाग की चार गाड़ियां मौके पर थी। आग लगने से कंपनी में बेहद माल जल गया। कंपनी मालिक को काफी नुकसान होने की बात सामने आई है। नुकसान के सहीं आंकड़े का अनुमान मालिक द्वारा दिए गए बयान के बाद हो सकेगा। वहीं आग लगने का कारण भी फिलहाल सवाल बना हुआ है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मौके पर मौजूद अधिकारी रवींद्र गौतम ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम पहुंच गई थी। आग पर नियंत्रण पा लिया गया है। कुछ देर में पूरी तरह से बुझा दी जाएगी। जांच के बाद आग का कारण स्पष्ट हो सकेगा।



**बहादुरगढ़।** आग बुझाने का प्रयास करते दमकलकर्मी।

## बामड़ोली मोड़ के पास सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**बहादुरगढ़।** लाइनपार में बामड़ोली मोड़ के निकट ऑटो रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान मिंटू और निशांत के रूप में हुई है। दोनों गांव बामड़ोली के रहने वाले हैं। मिंटू का कहना है कि देर शाम को वह और निशांत बाइक पर सवार होकर बहादुरगढ़ से अपने गांव लौट रहे थे। जब लाइनपार में चोर प्याऊ के निकट पहुंचे तो सामने से आ रहे एक ऑटो रिक्शा ने टक्कर मार दी। इसके बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। हमें काफी चोट आई। घायलों की शिकायत पर लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## शहरों में बढ़ेगी विकास की रफ्तार

**बहादुरगढ़।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने निकाय चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में हरियाणा की जनता ने भाजपा पर विश्वास जताते हुए ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का जनादेश दिया है। निकाय चुनाव में जनता ने पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व व नीतियों पर आस्था जताई है। सभी शहरों में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाई है। अब शहरी क्षेत्र का विकास अधिक रफ्तार से होगा। जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



डॉ. पंकज जैन।

## गाड़ी की टक्कर से स्कूटी सवार पिता-पुत्री घायल

**बहादुरगढ़।** बाढ़सा के पास गाड़ी और स्कूटी की टक्कर हो गई। दुर्घटना में स्कूटी सवार पिता, पुत्री घायल हो गए। युवती को अधिक चोट आई है। वह गुरुग्राम के एक अस्पताल में भर्ती है। बादली थाना पुलिस ने आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में दरियापुर के निवासी जसदेव का कहना है कि वह गुरुग्राम स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी में काम करता है। उसकी लड़की नीतिका भी वहीं पर जीएनएम का कोर्स कर रही है। बुधवार को वह अपनी बेटी को यूनिवर्सिटी छोड़ने जा रहा था। बाढ़सा में जब एक पंप के पास पहुंचे तो पीछे से एक गाड़ी ने हमारी स्कूटी को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में हमें चोट आई। राहगीरों ने संभाला और अस्पताल में भर्ती कराए। मुझे हल्की चोट थी लेकिन बेटी घायल थी। उसे गुरुग्राम के अस्पताल में भर्ती कराया।

## गाड़ी चालक से गन प्वाइंट पर लूटपाट

**बहादुरगढ़।** केएमपी पर आसौदा के निकट गाड़ी चालक से लूटपाट की वारदात हो गई। पिस्तौल के बल पर तीन नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात संदीपन शर्मा के साथ हुई है। संदीपन हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर इलाके का रहने वाला है। फिलहाल राजस्थान के भिवाड़ी में रहता है। वहां एक हेल्थ केयर में डिप्टी मैनेजर है। संदीपन का कहना है कि कि होली पर्व के चलते बुधवार को वह अपनी गाड़ी में सवार होकर अपने गांव जा रहा था। रात करीब 12 बजे केएमपी पर आसौदा के पास पहुंचा तो लघुशंका के लिए गाड़ी रोक दी। इसी दौरान तीन नकाबपोश युवक आए। आते ही एक ने मेरी गर्दन पर पिस्तौल अड़ा दी और कहने लगा कि चुपचाप अपनी गाड़ी में बैठ जा, नहीं तो मारकर खेत में फेंक देंगे। डर के कारण में उनके कहे अनुसार अपनी गाड़ी में बैठ गया। फिर उन्होंने मुझ से 11 हजार 130 रुपये निकाल लिए। इसके बाद कहने लगे कि चुप चाप चला जा, पीछे मुड़कर मत देखना। मैं तुरंत वहां से निकल गया और खरखोदा टोल पर पहुंचकर पुलिस को कॉल की। उधर, सूचना पाकर पुलिस हरकत में आई। आसौदा पुलिस ने संदीपन की शिकायत पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा जल्द से जल्द वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है।


























